## करोड़ों की खनिज संपदा की चोरी का आरोपी पुलिस से दूर, लोधीखेड़ा थाने में दर्ज है मामला

# एक साल से फरार है भिलापार खनिज चोरी का आरोपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

भिलापार क्षेत्र में खनिज संपदा को नुकसान पहहचाकर की बड़े पैमाने पर खनिज चोरी के मामले में आरोपी एम सतपती बीते एक वर्ष से फरार है। पुलिस के द्वारा विगत 1 वर्षों से कार्यवाही में पुलिस के हाथों में सफलता नहीं मिल पा रही है।आरोपी के खिलाफ लोधीखेड़ा थाने में खनिज चोरी का प्रकरण दर्ज है, फरार आरोपी पर मामला दर्ज हुए 1 वर्ष से अधिक का समय हो चुका है, बावजूद इसके अब तक वह पुलिस की पकड़ से दूर है। कहां जा रहा है कि फरार आरोपी पर लोधीखेड़ा भिलापर क्षेत्र के विभिन्न कार्यों की खरीदी बिक्री सामग्री को लेकर कई लोगों दुकानदारों के लाखों रुपए की उधारी भी बाकी है,सूत्रों से मिली जानकारी जानकारी के अनुसार,एम सतपती पर भिलापार क्षेत्र से भारी मात्रा में खनिज संपदा की चोरी कर उसे अवैध रूप से बेचने का आरोप है। जिसको लेकर विभाग के द्वारा लगभग 30 लख रुपए का जुर्माना भी किया गया था,बताया जा रहा है कि




फरारी के बावजूद आरोपी फर्जी फर्म के नाम पर झाबुआ सिवनी अन्य जिलों में अवैध खनन गतिविधियाँ धड़ल्ले से संचालित कर रहा है।जानकारी के अनुसार,आरोपी ने घोटी के भूड़कम क्षेत्र में करीब दो वर्षों तक खनिज विभाग की आँखों के सामने फर्जी माइंस चलाकर करोड़ो रूपये का शासन और खनिज विभाग को चुना लगाया है। साथ ही उसने छोटे से लेकर बड़े निवेशकों से लाखों रुपए तक की राशि लेकर विश्वासघात किया और फरार हो गया। ग्रामीणों ने बताया कि कि इतने बड़े घोटाले के बावजूद विभागीय स्तर पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है। 1 साल से अधिक का समय गुजर जाने के बावजूद भी आरोपी अभी तक पुलिस की पकड़ से दूर है। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि आरोपी को शीघ्र गिरफ्तार कर खनिज चोरी के इस रैकेट का भंडाफोड़ किया जाए। इस संबंध में पुलिस का कहना है कि मामले की जांच जारी है। आरोपी की गतिविधियों पर लगातार नजर रखी जा रही है। वर्तमान में खदान पूरी तरह बंद है।

### अनेक लोगों के लाखों रूपए लेकर फरार है आरोपी

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार खनिज संपदा को करोड़ों रुपए का नुकसान पहुंच कर चोरी करने वाले आरोपी पर लोधीखेड़ा, रेमंड, सौसर,बोरगांव आदि क्षेत्रों के विभिन्न सामग्री एवं सामान सामान खरीदी बिक्री को लेकर लाखों रुपए की देनदारी भी होना बताया जा रहा है। बीते दिनों ग्रामीणों के द्वारा आरोपी पर कार्रवाई और गिरफ्तारी को लेकर प्रशासन को शिकायतें भी की गई है परंतु कहां जा रहा है कि आरोपी ऊंची पहुंच रखने के चलते प्रशासनिक स्तर पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो पा रही है।

### इनका कहना है

वर्तमान में आरोपी फरारी में है विगत दिनों चार-पांच बार नागपुर के अलावा आरोपी के अन्य ठिकानों एवं संपत्तियो पर पुलिस के द्वारा जांच कर दबिश दी गई है, जल्द ही फरार आरोपी को लेकर इनाम की घोषणा की जाने वाली है,साथ ही वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में टीम बनाकर पकड़ने की कार्रवाई की जा रही है।

**एबी मर्सकोले, थाना प्रभारी लोधीखेड़ा**

### मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन यात्रा लंबित

**पांढुर्ना।** मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन यात्रा योजना के तहत वरिष्ठ नागरिकों की तिरूपति बालाजी की यात्रा आगामी आदेश तक लंबित कर दी गई है। ज्ञात हो कि यह यात्रा 13 नवंबर को रवाना होनेवाली थी। लेकिन प्रदेश से इस सबंध में कोई अपडेट नहीं आने के कारण इसे आगामी दिनांक तक लंबित कर दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार इस यात्रा के लिए 115 वरिष्ठजनों का पंजीयन किया जा चुका था।

### लक्ष्मीबाई बालपांडे हेल्प ग्रुप कार्यालय शुरू

**पांढुर्ना।** आज यहां नागपुर रोड पर शाह पेट्रोल पंप के ठीक सामने लक्ष्मीबाई बालपांडे हेल्प ग्रुप का संपर्क कार्यालय शुभारंभ हुआ। इस ग्रुप के प्रतिनिधि बापू बालपांडे ने बताया कि हमारा ग्रुप जरूरतमंदों की आपातकालीन परिस्थिति को देखते हुए 5000 रू. की आर्थिक सहायता प्रदान करेगा। जिनके पास परिवार के मृत सदस्यों का अंतिम संस्कार करने के लिए भी राशि नहीं है, खराब माली हालत के चलते गंभीर रोगों से जूझ रहे मरीज और ऐसे अन्य मामलों में लक्ष्मीबाई बालपांडे हेल्प ग्रुप सहायता प्रदान करेगा।

## जनसुनवाई में कलेक्टर ने सुनी समस्याएं



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा

कल यहां प्रति सप्ताह होनेवाली जनसुनवाई कार्यक्रम में कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ ने जनता की समस्याओं की सुनवाई की। इसमें जिले के शहरी और ग्रामीण एवं दूरस्थ अंचल से आए आवेदकों ने समस्याओं आवेदन प्रस्तुत किए। जनसुनवाई में मुख्य रूप से जमीन का सीमांकन करने, प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने, भू अधिकार पट्टा दिलाने, जन्म एवं मृत्यु प्रमाणपत्र बनाने, जाति प्रमाणपत्र बनाने, मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना में शामिल करने, खसरा नक्शा दुरस्त करने एवं अन्य आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर श्री वशिष्ठ ने संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के तत्काल निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में ग्राम पंधराखेडी निवासी लक्ष्मीकांता ने प्रधानमंत्री आवास योजना में शामिल करने, ग्राम पीपलपानी से विजेश साहेबलाल ने अनावेदक कंपनी द्वारा भूमि पर बारूद विस्फोट किए जाने के बद कुंए की क्षति पर मुआवजा देने, प्रकाश घोडे ने कृषि भूमि का नक्शा सही करने, रमेश खोडे ने अनावेदक द्वारा मकान के रास्ते में अतिक्रमण की शिकायत, वासुदेव मानकर द्वारा अस्पताल में कार्य उपरांत मजदूरी नहीं दिए जाने, कामठीकला के रामदास माटे ने किसानी हेतु बिजली व्होल्टेज बढाने के आवेदन प्रस्तुत किए।

### सांसद बंटी विवेक साहू आज परासिया के गांवों में करेंगे पदयात्रा

**छिन्दवाड़ा।** लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर छिन्दवाड़ा एवं पाण्ढुर्णा जिले में सांसद बंटी विवेक साहू द्वारा पदयात्राएं की जा रही है। इसी श्रृंखला में सांसद श्री साहू 13 नबम्वर को परासिया विधानसभा क्षेत्र के गांवों में पदयात्रा करेंगे। सांसद श्री साहू आज गुरूवार को सुबह 11 बजे शिवपुरी मंडल के ग्राम मंडली से पदयात्रा की शुरूआत करेंगे। यह पदयात्रा ग्राम मंडली से प्रारंभ होकर झुरेंमाल, थावड़ी, साबलाढ़ापा, लोहारी बांदरी, खैरी, पिपरिया से पगारा मंडल के ग्राम डुंगरिया पहुचेगी। यह पर पदयात्रा का समापन किया जायेगा। पदयात्रा के दौरान सांसद श्री साहू ग्रामवासियों को एकता, अखण्डता और आत्मनिर्भर भारत का संदेश देंगे।

## लाड़ली बहना योजना के हितग्राहियों को किया गया राशि का अंतरण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने आज बुधवार को जिला सिवनी में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम से सिंगल क्लिक के माध्यम से लाड़ली बहना योजना की 30वीं किस्त हितग्राहियों के खातों में अंतरित की। इस अवसर पर उन्होंने सभी बहनों को बधाई और शुभकामनाएँ भी दीं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नवंबर माह से लाड़ली बहना योजना की मासिक सहायता राशि को 1250 से बढ़ाकर 1500 रुपए कर दिया है। इसी बढ़ी हुई राशि के अंतर्गत छिन्दवाड़ा जिले की 3 लाख 16 हजार 418 तथा पांढुर्णा जिले की 73 हजार 848 लाड़ली बहनों को कुल 56.47 करोड़ रुपए की राशि का अंतरण किया गया। योजना की यह किस्त अब बहनों के खातों में बढ़ी हुई राशि के रूप में पहुंच रही है, जिससे उन्हें घरेलू जरूरतों और आत्मनिर्भरता के कार्यों में और सहयोग मिलेगा। इस राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण कलेक्टर कार्यालय छिंदवाड़ा के सभाकक्ष में लाभान्वित हितग्राहियों, अधिकारियों और कर्मचारियों की उपस्थिति में देखा व सुना गया। इस अवसर पर अधिकारी व लाभार्थी लाडली बहनें उपस्थित थीं।

### सेवा केन्द्रों पर जनसुनवाई एवं विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन

**छिंदवाड़ा।** भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय के निर्देशानुसार एवं राज्य शासन के आदेशों के परिपालन में जनजातीय गौरव दिवस 2025 के उपलक्ष्य में जिले के सभी आदि सेवा केन्द्रों पर जनसुनवाई एवं विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष धरती आबा भगवान बिरसा मुण्डा की 150वीं जयंती के समापन अवसर पर 1 नवम्बर से 15 नवम्बर 2025 तक भव्य कार्यक्रमों का आयोजन करते हुए पाँचवाँ जनजातीय गौरव दिवस सम्मानपूर्वक मनाया जाएगा।

पांढुर्णा कलेक्टर श्री नीरज कुमार वशिष्ठ के निर्देशानुसार 13 नवम्बर 2025 को समस्त आदि सेवा केन्द्रों पर पहली जनसुनवाई आयोजित की जाएगी, जिसमें विकास संबंधी प्राथमिकताओं पर सामुदायिक सुझाव, योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा तथा पंचायती राज संस्थाओं, स्वयं सहायता समूहों, यूथ क्लबों एवं आदि कर्मयोगी कैडर की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी।

## चांदामेटा पुलिस ने ताश के पत्तों के साथ 13 जुआरियों को दबोचा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

चांदामेटा पुलिस ने 13 जुआरियों को पकड़ने में सफलता हासिल की है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार थाना चांदामेटा क्षेत्रांतर्गत बस स्टैण्ड चांदामेटा महाराजा होटल के छत में कुछ लोगों के द्वारा तास पत्तों पर रूपये पैसों का दांव लगाकर हारजीत का खेल जुआ खेलने की सूचना मिलने पर थाना चांदामेटा पुलिस टीम द्वारा मुखबिर सूचना तस्दीक कर हिकमत अमली से घेराबंदी कर रेड कार्यवाही किया गया जो आरोपी तौकिर कुरैशी, आरोपी विशाल विश्वकर्मा, आरोपी मोहम्मद सादिक, आरोपी हेमन्त बरखे, आरोपी शेख मुकद्दर, आरोपी अनिल कुमार साहू, आरोपी हरीश गुर्जर एवं आरोपी दीपक निक्कम के जुआ फड एवं पास से कुल नगदी रकम 14260/ रुपये एवं 07 मोबाईल कामती करीबन 70 हजार रुपये एवं एक मोमबत्ती अधजली कुल जुमला कीमती 84 हजार 260 रुपये तथा 52 ताश के पत्ते को मुताबिक जप्ती पत्रक के समक्ष गवाहों के आरोपीगणों के कब्जे से जप्त किए गए।

## पुलिस ने नाबालिग को ग्राम सेमरी से ढूंढ निकाला

**देहात थाना पुलिस ने की कार्यवाही, माता पिता के चेहरे पर लौटाई मुस्कान**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

थाना देहात पुलिस ने जिला नर्मदा परम के सेमरी गांव से नाबालिक अपहर्ता को दस्तयाब करने में सफलता हासिल की है। मिली जानकारी के अनुसार बिना मोबाईल के नाम बदलकर गांव में रह रही थी अपहर्ता गरीब माता पिता और घर की गरीबी दर करने के लिए घर से बिना बताए चली गई थी नाबालिक 9-10 किमी. देहात पुलिस टीम ने अलग-अलग जगहों पर पैदल घूमकर खेतों में मजदूरी कर रहे मजदूरों के बीच से अपहर्ता को पहचानकर ढूंढ कर किया दस्तयाब ऑपरेशन मुस्कान के तहत देहात पुलिस ने नाबालिक अपहर्ता के माता पिता के चेहरे पर मुस्कान लौटाई।

थाना प्रभारी देहात निरीक्षक गोविंद सिंह राजपूत ने पुलिस टीम गठित कर नाबालिक बालक बालिकाओं की दस्तयाबी के लिए लगातार किये जा रहे प्रयासों के अंतर्गत मंगलवार को जिला नर्मदापुरम के सेमरी गांव से एक नाबालिक को दस्तयाब कर परिजनों के सुप्रत किया है। प्रार्थी माहुलाल यादव पिता कोमल यादव उम्र 37 वर्ष निवासी कुण्डाली कला ने 23 सितंबर को थाना देहात में आकर रिपोर्ट कराई थी कि 18 सितंबर को इसकी नाबालिक लडकी घर से बिना बताए कहीं चली गई है, जो रिपोर्ट पर अप. क्र. 474/25 धारा 137(2) BNS का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था।

### दो नाबालिगों को ढूंढकर परिजनों को सौंपा

**छिंदवाड़ा।** पुलिस अधीक्षक अजय पाण्डे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आशीष खरे एवं अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) अनुभाग परासिया जितेन्द्र सिंह जाट द्वारा पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार गुम बालक बालिकाओं की पतारसी (खोजने) हेतु विशेष ऑपरेशन मुस्कान अभियान‡ चलाया जाकर दस्तयाबी करने निर्देशित करने पर थाना चांदामेटा में पुलिस टीम गठित कर गुम बालक / बालिकाओं की तलाश पतासाजी हेतु विश्वनीय मुखबिर सूचना तंत्र सक्रिय कर 4 नवंबर को मुखबिर सूचना मिलने पर थाना चांदामेटा के अपराध क्रमांक 238/2025 धारा 137(2) BNS की अपहता बालिका की तलाश पतासाजी कर दस्तयाब कर उसके माता पिता को सुपुर्द किया गया है तथा दिनांक 11.11.2025 को थाना चांदामेटा के अप. क्रं. 234/2025 धारा 137(2) BNS की अपहता बालिका की तलाश पतासाजी कर दस्तयाब कर उसके माता पिता को सुपुर्द किया गया है।

## निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 312 मरीजों ने उठाया लाभ

**पांढुर्णा के ग्राम तिगांव में लगा 57वां शिविर**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

सांसद बंटी विवेक साहू के नेतृत्व में जारी 100 दिवसीय निरंतर सेवा संकल्प और स्वास्थ्य की श्रृंखला में बुधवार को स्वास्थ्य शिविर का आयोजन ग्राम तिगांव में किया गया। जिसका शुभारंभ क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों के द्वारा मां सरस्वती को पुष्प अर्पित एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस स्वास्थ्य शिविर में कुल 312 मरीजों ने स्वास्थ्य लाभ प्राप्त किया। जिसमें 152 महिला व बालिकाएं एवं 160 पुरुष शामिल हैं। स्वास्थ्य शिविर के कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जनप्रतिनिधियों ने कहा कि छिन्दवाड़ा और पांढुर्णा जिले में प्रतिदिन निःशुल्क स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन निरंतर किया जा रहा है। शिविरों के दौरान मिले गंभीर मरीजों को जिला चिकित्सालय सहित अन्य महानगरों में स्थित मेडिकल कॉलेजों में रेफर कर उनका बेहतर इलाज किया जा रहा है। अब तक के इतिहास में यह पहला अवसर है कि गांवों में ही स्वास्थ्य शिविर लगाकर लोगों का निःशुल्क इलाज किया जा रहा है। यह सिलसिला आगे भी निरंतर जारी रहेगा।




जनप्रतिनिधियों ने लोगों को बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा है कि अंतिम छोर में रहने वाले हर उस जरूरतमंद लोगों को योजनाओं का लाभ दिया जाये जो उनके लिए बनाई गयी है। यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार के बनने के बाद ही संभव हो सका है। अब लोगों के खातों में सीधे राशि भेजकर उन्हें लाभान्वित किया जा रहा है। शिविर में प्रमुख रूप से मंडल अध्यक्ष बालाभाऊ ठाकरे, सरपंच उषा ताई कुमरे, उप सरपंच श्यामरावली कवरेती, पंच राहुल शेडे, राजेश धुर्वे, जिला उपाध्यक्ष मायाताई राऊत, पूर्व उपसरपंच सुभाष बालपांडे, जिला मंत्री कैलाश जायसवाल, मोहन पाटिल राऊत, मंडल उपाध्यक्ष सोनू दुर्गादास राऊत, नीलिमा ताई शेडे, आनंद बालपांडे, मधुकर, धांधल चेतन वानोडे, बीएमओ डॉ. दीपेंद्र सलामे तथा जिले के डॉक्टरों की टीम सहित अन्य पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं बडी संख्या मे ग्रामीणजन उपस्थित थे।

### सिविल अस्पताल पांढुर्णा में डॉ.व्दिवेदी द्वारा किया गया 'लक्ष्य' असेसमेंट

**छिंदवाड़ा।** भारत सरकार के दिशा-निर्देशानुसार सिविल अस्पताल सहित उप स्वास्थ्य केन्द्रों को 'लक्ष्य' सर्टिफिकेशन प्रदान किया जाना है। 'लक्ष्य कार्यक्रम' एक गुणवत्ता सुधार पहल है, जिसका उद्देश्य सार्वजनिक स्वास्थ्य संस्थाओं में प्रसव कक्ष एवं प्रसूति ऑपरेशन थिएटरों में देखभाल की गुणवत्ता में सुधार लाना है। यह कार्यक्रम भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा संचालित किया जा रहा है।

इसी कड़ी में आज सिविल अस्पताल जिला पांढुर्णा में राज्य स्तर से प्रोफेसर डॉ.विकास व्दिवेदी द्वारा ऑपरेशन थिएटर एवं लेबर रूम का लक्ष्य असेसमेंट किया गया। इस अवसर पर जिले से मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नरेश गोन्नाडे, खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ.दिपेन्द्र सलामे, बीपीएम श्री रविंद्र पराडकर, डीक्यूएम सुमन सनोड़िया मौजूद रहे।

## बेटी के जन्मदिन पर उपहार स्वरूप किया रक्तदान

**छिंदवाड़ा।** 12 नवंबर को अपनी बेटी के 11वें जन्मदिन के अवसर पर उपहार स्वरूप रक्तदान कर मरीज की जान बचाई। विजय शर्मा ने अपनी बेटी के जन्मदिन को यादगार बनाते हुए अपना 24वां रक्तदान किया.ब्लड आर्मी - ऐसा एक ग्रुप को निरंतर 8 वर्षों से जिले और आसपास के शहरों में जरूरतमंदों के लिए चौबीस घंटे सहयोग करने तत्पर रहता है। इन रक्तदानों के साथ ही ब्लड आर्मी ग्रुप के 2456 रक्तदान पूर्ण हुए। इसी कड़ी में बुधवार को जिला अस्पताल का ब्लड बैंक जो कि रक्त की कमी से जूझ रहा है ब्लड आर्मी निरंतर अपने सक्रिय और समर्पित रक्तदाताओं के माध्यम से रक्तदान करवा कर मानवता के प्रति अपने दायित्व को बखूबी निभा रही है । आज 12 नवंबर को शासकीय अस्पताल के मरीजों के लिए विजय शर्मा, आनंद पांडे, अमित शुक्ला, अतिक, हितेश पटले, शांतनु हरिनखेड़े रक्तदान कर सहयोग किया।



## राकेश बने नामदेव समाज के जिलाध्यक्ष



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

नामदेव समाजिक बंधुओं ने अध्यक्ष बनाया छिंदवाड़ा नामदेव समाज की हाल ही में सम्पन्न हुई बैठक में सर्वसम्मति से राकेश (पप्पू) नामदेव को समाज का नया अध्यक्ष घोषित किया गया है। समाज के उत्थान, एकता एवं विकास के प्रति उनके योगदान को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है। हमें पूर्ण विश्वास है कि उनके नेतृत्व में समाज के कार्य और अधिक गति एवं सफलता प्राप्त करेंगे।सभी समाज बंधुओं से निवेदन है कि नव-निर्वाचित अध्यक्ष श्री राकेश (पप्पू) नामदेव को शुभकामनाएँ एवं सहयोग प्रदान करें। पदाधिकारीगण में अध्यक्ष राकेश (पप्पू) नामदेव, सह संयोजक राजेश (पप्पी) नामदेव, संयोजक राकेश सरवरिया, संचालक प्रणय नामदेव, सचिव सरल सिंगारे, मीडिया प्रभारी आनंद नामदेव, महामंत्री शानू सिंगार, मंत्री श्रीकांत नामदेव आदि मौजूद रहे।

### एजेंटों के लिए विशेष गहन पुनरीक्षण प्रशिक्षण आयोजित

**छिंदवाड़ा।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अन्ना भाऊ साठे मंगल भवन में सौंसर विधानसभा क्रमांक-125 के अंतर्गत मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के लिये विभिन्न राजनीतिक दलों के 116 बूथ लेवल एजेंटों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम एजेंटों की भूमिका, कार्य एवं सहयोग के अंतर्गत विभिन्न बिंदुओं पर केंद्रित रहा। प्रशिक्षण का संचालन अनुविभागीय अधिकारी एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी श्री सिध्दार्थ पटेल द्वारा किया गया। कार्यक्रम में श्री सूर्यकीर्ति काले एवं श्री प्रदीप गोहत्रे मास्टर ट्रेनर के रूप में उपस्थित थे। प्रशिक्षण कार्यक्रम मुख्य नगर पालिका अधिकारी सौंसर श्री मौसम पालेवार के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

**जुन्नारदेव के गांवों में यूनिटी मार्च के माध्यम से निकाली 11 किलोमीटर की पदयात्रा**

## सरदार पटेल ने एक भारत आत्मनिर्भर भारत का सपना किया साकार : सांसद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150 वीं जयंती के अवसर पर सांसद बंटी विवेक साहू के नेतृत्व में जुन्नारदेव के गांवों में यूनिटी मार्च के माध्यम से 11 किलोमीटर की पदयात्रा निकाली गई। पदयात्रा के दौरान सांसद ने लोगों के बीच पहुंचकर राष्ट्रीय गौरव जगाने, समाज के प्रति जिम्मेदारी बढ़ाने और एकता की भावना को लेकर संदेश दिया। सांसद श्री साहू ने लोगों को बताया कि लौहपुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल ने एक भारत और आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार किया है। आज उनके द्वारा बताए गए आदर्शों पर



चलकर हमारा देश आत्मनिर्भर की ओर बढ़ रहा है।

इस दौरान आयोजित कार्यक्रम में सांसद बंटी विवेक साहू ने अपने संबोधन में आधुनिक भारत के निर्माता लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल को नमन करते हुए कहा कि उन्होंने 560 से ज्यादा रियासतों में बिखरे भारत को एक सूत्र पिरोकर एक भारत, श्रेष्ठ भारत का सपना साकार किया था। सरदार पटेल ने आजादी के बाद देश को एक करने में बेहद महत्वपूर्ण योगदान प्रदान किया था। सरदार पटेल को ही भारत के भौगोलिक और राजनैतिक एकीकरण का श्रेय दिया जाता है। उन्होंने अपनी शानदार नेतृत्व क्षमता व कूटनीति से आजादी के बाद 560 से ज्यादा रियासतों को भारतीय संघ में मिलाया और देश के और विभाजन को रोका।

सांसद श्री साहू ने कहा कि देश को एक करने में बेहद अहम योगदान के चलते सरदार पटेल की जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के तौर पर मनाया जाता है। देश की एकता के लिए हमें जाति और धर्म के भेद को भूलकर हमें यह याद रखना होगा कि हम सब भारतीय है और सामान है। स्वतंत्र देश में इंसान और इंसान के बीच कोई भेदभाव नहीं होना चाहिए। इस दौरान जगह-जगह पर सांसद बंटी विवेक साहू पदयात्रियों का भव्य स्वागत किया गया, वहीं सांसद श्री साहू ने भी गांवों में ग्रामीणों और बालिकाओं पर पुष्प वर्षा कर उनका भी सम्मान किया।

### सांसद ने की 11 किलोमीटर की पदयात्रा

लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर जयंती के अवसर पर सांसद बंटी विवेक साहू ने अपने हाथों में तिरंगा लिए जुन्नारदेव क्षेत्र में 11 किलोमीटर की यात्रा की। सांसद श्री साहू ने अपनी पदयात्रा की शुरूआत ग्राम गारादेही से की।

## वार्ड नं 7 में बनेगा रंगमंच, मुख्य अतिथि विधायक सोहनलाल वाल्मीक रहे उपस्थित

# रंगमंच निर्माण कार्य का किया भूमिपूजन एवं लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया



नगर परिषद न्यूटन चिखली के वार्ड क्रमांक 08 एवं 09 के बीच तथा वार्ड क्रमांक 10 में विधायक निधि से बनाये जा रहे रंगमंच निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। साथ ही वार्ड क्रमांक 07 में विधायक निधि से नवनिर्मित रंगमंच का लोकार्पण भी किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक सोहनलाल बाल्मीक उपस्थित रहे। उनके साथ नगर परिषद्अध्यक्षा अनुपमा राय, उपाध्यक्ष संतलाल यादव, नीरू अजय चंदेल, अर्चना राजेश डेहरिया, रेखा डेहरिया, राहुल सराठी अन्य जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहे। इस अवसर पर नगर परिषद के अधिकारी - कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में नागरिक भी उपस्थित रहे।इस अवसर पर विधायक ने कहा, कि नगर के विकास कार्यों में निरंतर गति लाई जा रही है तथा नागरिकों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए यह रंगमंच निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण कराया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा, कि वे पूरे विधानसभा क्षेत्र के साथ ही न्यूटन चिखली के विकास कार्यों के लिये हमेशा उपस्थित हैं और आप लोगों की तरफ जिस भी सहयोग की अपेक्षा की गई उसे पूरा करने का प्रयास किया है और आगे भी करता रहेंगे।

## शहर की समस्याओं को लेकर एसडीएम से मिले कांग्रेसी पार्षद

**परासिया :** शहर में व्याप्त जन समस्याओं को लेकर बुधवार को कांग्रेसी पार्षदों ने नेता प्रतिपक्ष वीर बहादुर सिंह के नेतृत्व में एसडीम आई एस शुभम कुमार यादव से मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्य नगरपालिका अधिकारी भरत गजबे भी मौजूद रहे। कांग्रेसी पार्षदों ने कहा, कि नगर पालिका को लगभग साढ़े तीन वर्ष हो गए मगर शहर में एवं खासकर कांग्रेस पार्षदों के वार्डों में किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य नहीं हो रहा है। वहीं शहर में साफ - सफाई की स्थिति बहुत ही ज्यादा खराब है। जगह - जगह कचरे का ढेर लगा हुआ है। वार्डों में झाड़ू नहीं लग रही है। कचरा गाड़ियां भी कचरा उठाने हफ्तों में जा रही है। कांग्रेस की पार्षदों ने जिसमें प्रमुख रूप से नेता प्रतिपक्ष वीर बहादुर सिंह, पार्षद पूनम कैथवास, पार्षद प्रतिभा सोनी, पार्षद सावित्री वर्मा, पार्षद बृजेश भलावी, पार्षद प्रतिमा वैश, पार्षद रुकमा बंसोड़, पार्षद नीलोफर खान, पार्षद पूजा मरकाम ने कहा, कि छोटे - छोटे निर्माण कार्यों के लिए भी परेशान होना पड़ता है जो, कि जनसमस्या है। नगर पालिका इस ओर ध्यान नहीं दे रही है। जनता परेशान है। खदान का पानी पेंच नदी मिल रहा है वही पानी शहर में सप्लाई हो रहा है, जिससे लोगों को स्वास्थ्य संबंधी परेशानी हो रही है। जिसको लेकर लोगों द्वारा इस बात शिकायत कई बार की गई। उन्होंने एसडीएम श्री यादव से निवेदन किया, कि तत्काल हस्तक्षेप कर शहर में जन समस्याओं को दूर करने, आवश्यक निर्माण कार्य कराने के लिए ठोस कदम उठाया जाए।

## विधायक ने किया मेहराखापा में भूमिपूजन एवं लोकार्पण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौसर

ग्राम मेहराखापा में बुधवार को भूमि पूजन लोकार्पण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ है।विधायल कार्यलय से मिली जानकारी के अनुसार सौसर विधायक विजय चौरे द्वारा विधायक निधि से प्रदत्त लागत राशि 5 लाख रुपए से निर्मित सामुदायिक भवन का लोकार्पण कर जनता को समर्पित किया है। साथ ही ग्राम चिरकुटागोंदी में विधायक निधि से प्रदत्त लागत राशि 5 लाख रुपए से निर्माण होने वाले सामुदायिक भवन निर्माण कार्य तथा एक लाख पचास हजार रूपए से निर्माण होने वाले रंगमंच निर्माण कार्य हेतु विधिवत पूजन-अर्चन कर भूमिपूजन किया।आयोजन को संबोधित करते हुए विधायक श्री चौरे ने कहा विधायक निधि से निरंतर सौसर मोहखेड़ के क्षेत्र के ग्रामीण भागों का विकास किया जा रहा है। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष डॉ.राजेंद्र येमदे,कैलाश चौधरी,क्षेत्रीय अध्यक्ष अनिल वनकर,सरपंच सुभद्रा उइके,उप सरपंच आलोका बाई उइके,झोलाराम उइके,सुखदेव मसराम,सुधाकर ढोक,उमाजी उइके,सुरेश कुमरे,दुर्गादास गोड़बोले,वसंता उइके,संजय कुसराम,दिलीप देशभ्रतार,आदी थे।

## नगर पालिका में दिवंगत कर्मचारी के पुत्र को मिली अनुकंपा नियुक्ति



हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

नगर पालिका परासिया में दिवंगत कर्मचारी के पुत्र को अनुकंपा नियुक्ति दी गई। नगर पालिका कार्यालय में कर्मचारी के पुत्र को नियुक्ति पत्र सौंपा गया। नगर पालिका अध्यक्ष विनोद मालवीय, उपाध्यक्ष महेश सोमकुंवर, सीएमओ भरत गजबे ने नियुक्ति पत्र सौंपा।नगर पालिका के जल प्रदाय विभाग के कर्मचारी सतीश शर्मा का बीमारी से देहावसान हुआ था। उनके पुत्र वैभव शर्मा को पीआईसी के संकल्प के अनुसार उन्हें नियुक्ति प्रदान की गई। इससे पूर्व नगर पालिका के दिवंगत कर्मचारी नंदकिशोर यदुवंशी के पुत्र को नियुक्ति दी गई थी। नगर पालिका अध्यक्ष ने कहा, कि कर्मचारी हमारी निकाय की जान होते है। उनके जाने के बाद उनके परिवार को परेशानी न हो इसे देखते हुए नगर पालिका ने त्वरित गति से आश्रितों को नियुक्ति प्रदान करने के लिए प्रयास किया है। जिससे अनुकंपा नियुक्ति मिलने का रास्ता साफ हुआ और नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। इस माध्यम से हमारे दिवंगत कर्मचारियों को श्रद्धांजली देने का हमारा प्रयास है।

## अन्नाभाऊ साठे भवन में बूथ एजेंटों को दिया गया प्रशिक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौसर

भारत निर्वाचन आयोग के दिशानिर्देश पर बुधवार को नगर के अन्ना भाऊ साठे मंगल भवन मे विधानसभा क्र. 125 अंतर्गत मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर प्रशिक्षण विभिन्न राजनैतिक दलों के 116 बूथ लेवल एजेंट को पुनरीक्षण कार्यक्रम एसआईआर मे उनकी भूमिका तथा कार्य एंव सहयोग के अंतर्गत विभिन्न बिंदुओं पर प्रशिक्षण अनुविभागीय अधिकारी एंव निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी सिद्धार्थ पटेल मास्टर ट्रेनर सूर्यकीर्ति काले प्रदीप गोहत्रे सौसर मुख्य नगर पालिका अधिकारी मौसम पालेवार के मार्गदर्शन मे प्रदान किया गया।जिसमें पुनरीक्षण कार्यक्रम मे बीएलओ द्वारा घर घर जाकर प्रत्येक मतदाता की वांछित जानकारी प्राप्त कर गणना फॉर्म भरना। प्रत्येक मतदाता की जानकारी प्राप्त कर प्रारूप मतदाता की सूची जारी करने के बाद अगर मतदाता का नाम प्रारूप सूची मे न हो तो नाम जुड़वाने मे आगे की कार्यवाही करना। महिला मतदाता जो बाहर से आई है उनके पिता या माता का 2003 की स्थिति मे मतदाता सूची मे नाम देखकर मैच करना। निर्वाचक नामावली का शुद्धिकरण करने के लिए नये नाम जोड़ने फॉर्म क्रमांक 6 तथा घोषणा पत्र क्र 4,नाम हटाने आदि की जानकारी दी गई।प्रशिक्षण मे विशेष रूप से क्षेत्रीय विधायक विजय चौरे,डॉ यमदे,दर्शन झाडे,निलेश चटप, भास्कर सिरसे आदि थे।

## बाल दिवस पर आधार में रक्तदान शिविर आज

**छिंदवाड़ा।** बाल दिवस की पूर्व बेला पर नगर के परासिया रोड स्थित दिव्यांगों की सेवा में समर्पित संस्था आधार फाउंडेशन में आज गुरुवार 13 नवंबर को दोपहर 12 बजे से जिला चिकित्सालय ब्लड बैंक के सहयोग से विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है।आधार फाउंडेशन द्वारा आयोजित यह चतुर्थ रक्तदान शिविर है जिसमें लगभग 75 से अधिक रक्तवीरों ने स्वेच्छा से रक्तदान करने हेतु पंजीयन कराया है। शिविर के मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक श्री अजय पांडे, विशिष्ट अतिथि डिप्टी कलेक्टर श्री पुष्पेंद्र निगम, निगम कमिश्नर चंद्रप्रकाश राय, सिविल सर्जन डॉक्टर सुशील दुबे रहेंगे एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता सर्वोदय अहिंसा के प्रदेश संयोजक नगर पालिक निगम स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर दीपक राज जैन करेंगे।यह शिविर बाल दिवस के अवसर पर परासिया में घटित घटना में असमय मृत्यु को प्राप्त हुए बच्चों को श्रद्धांजलि स्वरुप आधार फाउंडेशन एवं सक्षम द्वारा आयोजित किया गया है, जिसमें सभी रक्तवीरों से रक्तदान करने की अपील सक्षम के जिला अध्यक्ष इंजीनियर महेश किंथ एवं आधार की संचालिका श्रीमती सरिता पांडे सहित समस्त सहयोगियों द्वारा की गई है। सभी रक्तवीरों को अतिथियों के हस्ते प्रशस्ति पत्र द्वारा सम्मानित किया जावेगा।

## सीईओ जिला पंचायत शास्वत सिंह मीना ने किया खेत तालाबों का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री शाश्वत सिंह मीना ने मंगलवार को बीजाडांडी के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर चल रहे विकास कार्यों और जल संरक्षण के कार्यों का जायजा लिया।

इस दौरान सीईओ श्री मीना ग्राम रमतिला पहुंचकर जल संरक्षण के प्रयासों के तहत निर्मित खेत तालाबों का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने श्रीमती रंजना गौठरिया और श्री जिंदल सिंह के खेतों में बने तालाबों का मुआयना किया और उनकी उपयोगिता पर किसानों से चर्चा की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने एक बगिया मां के नाम योजनांतर्गत हितग्राही श्रीमती रंजना गौठरिया के खेत में पौधारोपण किया। इस अवसर पर जनपद पंचायत सीईओ श्रीमती बासंती दुबे, पीओ मनरेगा श्रीमती ऋतु तिवारी, सहायक यंत्री, उपयंत्री सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

### स्व सहायता समूहों की बहनों से किया संवाद

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत ने बीजाडांडी जनपद पंचायत के धनवाही ग्राम पंचायत का निरीक्षण किया। उसके पश्चात आजीविका ग्राम संगठन की दीदियों से समूह ग्राम संगठन द्वारा किए जा रहे कार्य की जानकारी ली। जिसमें प्रकृति खेती के विषय पर कृषि सखी दीदियों द्वारा जैविक खाद उसके उपयोग के बारे में जानकारी दी गई। महिलाओं की आजीविका गतिविधि मुर्गी पालन का मूल्यांकन कर मनरेगा से मुर्गी शेड हेतु आवश्यक निर्देश एपीओ को दिए गए। ग्राम पंचायत मानिकसरा में प्रधानमंत्री सिंचाई योजना वाटर शेड द्वारा किए गए कार्यों का निरीक्षण किया गया।

## मण्डला पुलिस थाना कोतवाली ने किया चोरी की मोटर साइकिल गिरोह का पर्दाफाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



**त्यौहारों एवं विसर्जन के दौरान चोरी हुईं 07 मोटर साइकिल जप्त। पुलिस अधीक्षक मंडला रजत सकलेचा के निर्देशन में तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवकुमार वर्मा के मार्गदर्शन में थाना कोतवाली पुलिस द्वारा चोरी की मोटर सायकिल गैंग का सफलतापूर्वक खुलासा किया गया है।**

दिनांक 10.11.2025 को मुखबिर सूचना पर थाना कोतवाली पुलिस द्वारा संदिग्धो को पकड़ा गया। सख्ती से पूछताछ में आरोपियों ने मंडला एवं आसपास के क्षेत्रों से मोटर सायकिलें चोरी करना स्वीकार किया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से कुल 07 चोरी की मोटर साइकिलें बरामद कीं, जिनकी कुल अनुमानित कीमत 3,50,000/- है। आरोपियों में ऋषि यादव पुत्र महेन्द्र यादव, उम्र 20 वर्ष, निवासी तिलक वार्ड, मंडला। ईशान खान पुत्र रज्जाक खान, उम्र 21 वर्ष, निवासी तिलक वार्ड, मंडला। 3. फरदीन खान पुत्र अहसान खान, उम्र 23 वर्ष, निवासी जेल घाट, मंडला। बरामद 07 मोटर साइकिलें 1. हीरो ग्लैमर MP51 MF 9043, 2. हीरो स्प्लेंडर MP51 MC 7286, 3. हीरो सीडी डिलक्स MP51 MH 5036, 4. होंडा शाइन MP22 MN 0366, 5. हीरो एचएफ डिलक्स MP20 MY 1086, 6. हीरो फैशन प्रो MP51 MF 8147, 7. हीरो स्प्लेंडर MP51 ZA 8847, जप्ती का कुल मूल्यः लगभग 3,50,000/- है। निरीक्षक शफीक खान (थाना प्रभारी), उनि सकरू सिंह धुर्वे, सउनि भूमेश्वर वामनकर, सउनि नीरज मिश्रा, प्रधान आरक्षक पूरन इडपाचे, आरक्षक रमेश, प्रियांस, मृदुल पटैल, धीरेन्द्र ,संदीप परते, रज्जन, मधुर, दिनेश, जगदीश का सराहनीय योगदान रहा।

**आयोजन** | **इण्डोर स्टेडियम में होगा रंगारंग आयोजन।**

# 14 को होगा जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन

* **केबिनेट मंत्री सम्पतिया उइके एवं सांसद कुलस्ते होंगे मुख्य अतिथि।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला




कलेक्टर सोमेश मिश्रा और पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा के मागदर्शन में 14 नवम्बर 2025 को इण्डोर स्टेडियम में केबिनेट मंत्री श्रीमती संपतिया उइके और सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते जी के मुख्य आतिथ्य में जिला स्तरीय युवा उत्सव का रंगारग आयोजन किया जा रहा है। जिला स्तरीय युवा उत्सव में निम्नलिखित 07 विधाओं में जिले के युवा अपनी कला का प्रदर्षन करेंगे। विधाओं का विवरण इस प्रकार है- भाषण, कहानी लेखन, कविता लेखन, पेंटिंग, विज्ञान मेला प्रदर्षनी और समूह लोकगीत, समूह लोकनृत्य।

जिला स्तरीय युवा उत्सव का उद्घाटन दोपहर 12 बजे किया जावेगा, इस कार्यक्रम में नवीन कबड्डी मैट का भी उद्घाटन किया जावेगा। कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने आयोजन को सफल बनाने के लिए जिला स्तरीय समिति गठित की है, जिसमें खेल और युवा कल्याण विभाग नोडल विभाग रहेगा, स्कूल षिक्षा, उच्च षिक्षा, तकनीकी षिक्षा विभाग, राष्ट्रीय सेवा योजना, नेहरू युवा केंद्र, सांस्कृतिक विभाग, जनजातीय कार्य विभाग जिला स्तरीय समिति में शामिल है। इस आयोजन से चयनित मण्डला के सर्वश्रेष्ठ युवाओं को राष्ट्रीय स्तर पर जाने का मौका मिलेगा।

जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी मण्डला विकास खराड़कर ने अवगत कराया कि जिला स्तरीय युवा उत्सव से चयनित युवा संभाग स्तरीय युवा उत्सव में दिनांक 15 नवम्बर 2025 को जबलपुर में प्रतिभागिता करेंगे। राज्य स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन 16 नवम्बर 2025 को भोपाल में और 12 जनवरी 2025 को राष्ट्रीय युवा उत्सव नई दिल्ली में होना है। इस बार युवा उत्सव का आयोजन सांस्कृतिक और नवाचार थीम पर किया जा रहा है।

यह युवा उत्सव युवाओं के लिए सुनहरा अवसर है अपनी प्रतिभा दिखाने का, चयनित युवाओं को राष्ट्रीय स्तर पर माननीय प्रधानमंत्री जी के सामने अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिल सकता है। मण्डला जिले में प्रतिभाओं की कमी नही है। सर्वश्रेष्ठ युवाओं को चयनित करने के लिए अनुभवी निर्णायकों की भी व्यवस्था की गई है।

युवा उत्सव में भाग लेने वाले युवाओं की आयु सीमा 15 से 29 वर्ष निर्धारित की गई है। युवा उत्सव में आयोजित की जाने वाली विधाओं का विस्तृत विवरण इस प्रकार है-

### भाषण

विषय- भारत में आपातकालीन अवधि और संविधान का उल्लंघन और लोकतंत्र और लोकतांत्रिक मूल्या की सुरक्षा, भाषण प्रतियोगिता हेतु समय 07 मिनट निर्धारित है। प्रत्येक प्रतिभागी को हिंदी और अंग्रेजी में भाषण देने की स्वतंत्रता है। इस हेतु अनुभवी निर्णायक कुल 100 अंक में से प्रदर्षन के आधार पर मार्किंग करेंगे।

### कहानी लेखन

कहानी लेखन के लिए प्रत्येक प्रतिभागी को 60मिनट का समय दिया जावेगा, उन्हे कुल 1000 शब्दों में कहानी लेखन करना है। इस हेतु अनुभवी निर्णायक कुल 100 अंक में से प्रदर्शन के आधार पर मार्किंग करेंगे।

### कविता लेखन

कविता लेखन के लिए 90मिनट का समय दिया जावेगा। प्रतिभागी को हिंदी और अंग्रेजी में कविता लेखन की स्वतंत्रता है। इस हेतु अनुभवी निर्णायक कुल 100 अंक में से प्रदर्षन के आधार पर मार्किंग करेंगे।

### पेंटिंग

पेंटिंग प्रतियोगिता का शीर्षक नषा मुक्त युवा और स्वस्थ्य जीवनषैली के लिए युवा निर्धारित किया है। प्रत्येक प्रतिभागी को 90मिनट का समय मिलेगा, उन्हें ए3 साइज पेपर पर पेंसिल, एक्रेलिक, वाटर और क्रेयॉन कलर उपयोग करने की स्वतंत्रता है। इस हेतु अनुभवी निर्णायकगण कुल 100 अंक में से प्रदर्षन के आधार पर मार्किंग करेंगे।

### विज्ञान मेला प्रदर्शनी

विज्ञान मेले के लिए इनोवेषन ट्रेक थीम पर आयोजित किया जावेगा। युवाओं को इस हेतु निर्णायकगण कुल 100 अंक में से प्रदर्षन के आधार पर मार्किंग करेंगे।

### समूह लोकगीत

समूह लोकगीत में कुल प्रतिभागियों की संख्या 10 निर्धारित की गई है। जिसमें संगतकार भी शामिल है। मौलिक लोकगीत के मंचन हेतु रिकार्डडेट टैप और म्यूजिक निषेध है। कलाकारों को लाईव गीत और संगीत का प्रदर्शन करना होगा। इस हेतु निर्णायकगण कुल 100 अंक में से प्रदर्षन के आधार पर मार्किंग करेंगे।

### समूह लोकनृत्य

समूह लोकनृत्य में कुल प्रतिभागियों की संख्या 10 निर्धारित की गई है। जिसमें संगतकार भी शामिल है। मौलिक लोकगीत के मंचन हेतु रिकार्डडेट टैप और म्यूजिक निषेध है।

## अंधेरे में डूबा महात्मा गांधी स्टेडियम

* **खिलाड़ियों के सपनों पर भारी पड़ी लापरवाही।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



**जिले का एकमात्र खेल मैदान महात्मा गांधी स्टेडियम आज अपनी बदहाली की कहानी बयां कर रहा है। कभी खिलाड़ियों की ऊर्जा और उत्साह से गुलजार रहने वाला यह मैदान अब अंधेरे और अव्यवस्था का शिकार बन चुका है।**

स्टेडियम के चारों ओर रात्रि में प्रकाश के लिए लगाई गई लाइटें ज्यादातर बंद पड़ी हैं केवल एक-दो लाइटें ही चालू हैं। खिलाड़ियों ने बताया कि कई बार संबंधित विभाग को जानकारी दी गई, लेकिन आज तक कोई सुधार नहीं हुआ। रात में टहलने और अभ्यास करने आने वालों को अंधेरे में परेशानी झेलनी पड़ रही है। मैदान के किनारों पर गाजर घास और जंगली झाड़ियां इतनी घनी उग आई हैं कि गेंद तक दिखाई नहीं देती। इससे जहरीले जीव-जंतुओं का खतरा भी बना हुआ है। वहीं, बाउंड्री वॉल से लगे कुछ मकान स्टेडियम की ओर गंदा पानी छोड़ रहे हैं, जिससे मैदान की स्थिति और खराब हो रही है। रूपेश इसरानी (सेव स्टेडियम ग्रुप) ने कहा कि "महात्मा गांधी स्टेडियम केवल खिलाड़ियों का मैदान नहीं, बल्कि जिले की पहचान है। अगर इसे ही नजरअंदाज किया गया तो आने वाली पीढ़ियों के पास खेलने की जगह नहीं बचेगी। प्रशासन को तुरंत कार्रवाई करनी चाहिए।" समीर बाजपेई (क्रिकेट कोच) ने कहा कि "अंधेरे और अव्यवस्था के कारण शाम के समय अभ्यास करना मुश्किल हो गया है। खिलाड़ियों का मनोबल टूट रहा है। अगर सुविधाएं नहीं सुधरीं, तो खेल प्रतिभाएं धीरे-धीरे यहां से गायब हो जाएंगी।"

**खबर संक्षेप**



## बरेला इनामी पंचमी मढ़ई संपन्न

घंसौर विकासखण्ड अन्तर्गत ग्राम बरेला (NTPC पावर प्लांट) में को पंचमी तिथि में मढ़ई वा इनामी अहिरी नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें क्षेत्र के ग्वालवंशी जमकर थिरके। एवम मढ़ई के आयोजन में लोगो के द्वारा जमकर खरीददारी की गई उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली टोली को समिति ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम संयोजक जितेन्द्र नेमा (भाजपा युवा मोर्चा जिला मंत्री सिवनी ) ने चंडी पूजन के साथ मढ़ई का आरंभ किया। ,लालपुर केवलारी, गणेशगंज, सालहेपानी,बिनैकी, खेरी,बरेला, गोरखपुर, अतरिया, व अन्य गांव के नृत्य दलों ने प्रस्तुति दी। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार लालपुर की टीम को 7100 रुपए व शील्ड (सौजन्य योगेश शिवहरे जिला उपाधक्ष) एवं द्वितीय पुरुस्कार खेरी गांव के दल को 5100 रुपए व शील्ड (सौजन्य त्रिलोक मरावी टिक्की जिला अध्यक्ष) प्रदान की गई। तृतीय पुरूस्कार गणेशगंज 3100 (ग्राम पंचायत बरेला) , चतुर्थ पुरुस्कार 2100 सालहेपानी (सुन्नी लाल उइके), पांचवां पुरस्कार बरेला टीम को आयोजन समिति ने दिया।



# लाड़ली बहनों के द्वारा कुर्सी को पकड़ने के लिए मची होड़

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** सिवनी जिले की धरा पर आज प्रदेश की मुखिया का आगमन था जहां पर लाडली बहना के खाते में₹1500 जाने थे जिला की भाजपा टीम ने पूरी तैयारी की थी लेकिन इस तैयारी में वह लाडली बहना को ही भूल गई थी लाडली बहनों के लिए कुर्सी की कोई व्यवस्था नहीं थी जैसे तैसे कुर्सी का एक वाहन आया तो बहनों के द्वारा कुर्सी को पकड़ने के लिए छोड़ मच गई या दर्शाता है की कितनी लाडली बहना है और कितना उनसे प्रेम है और कितना उनसे स्नेह है जिले की कार्यकारिणी के द्वारा कितना प्रेम लाडली बहन से किया जाता है।

# राजस्व मंत्री की कार का एक्सीडेंट, आई चोट

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** सिवनी जिले से हैरान करने वाला मामला सामने आया है। मध्य प्रदेश के राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा बुधवार को नरसिंहपुर से सिवनी आते समय हादसे का शिकार हो गए। मंत्री को लेकर काफिला सिवनी में आयोजित राज्यस्तरीय लाड़ली बहना योजना कार्यक्रम में शामिल होने आ रहा था। इसी दौरान छपारा में वाहन आपस में टकरा गए। जिससे मंत्री करण सिंह वर्मा को भी पीठ, सिर में चोटें आई है। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। हालांकि मंत्री ने अस्पताल में जांच पूरी नहीं कराई और वे सिवनी पॉलीटेक्निक मैदान में लाड़ली बहना योजना के राज्यस्तरीय कार्यक्रम में पहुंचे।



उन्होंने मंच पर मुख्यमंत्री की उपस्थिति में संबोधन दिया और अपने घायल होने की भी कही। इसके बाद जांच के लिए अस्पताल के लिए रवाना हो गए। छपारा थाना क्षेत्र में यह घटना हुई। जानकारी के मुताबिक बुधवार को राजस्व व सिवनी जिले के प्रभारी मंत्री करण सिंह वर्मा कार्यक्रम में शामिल होने के लिए सिवनीव आ रहे थे। इस दौरान रणधीर नगर के पास मंत्री के काफिले की गाडियां आपस में टकरा गई। इस घटना में मंत्री करण वर्मा को चोटें आई है। वहीं कुछ लोग भी घायल हो गए। जिन्हें जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक इलाज किया गया। फिलहाल सभी लोग सुरक्षित है।

बता दें कि, आज सिवनी जिले में स्थानीय पॉलिटेक्निक कॉलेज मैदान में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इसमें सीएम मोहन यादव भी शामिल हुए हैं। घायलों को अस्पताल भिजवाने के बाद मंत्री करण सिंह वर्मा इसी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए पहुंचे।

# बरघाट में बीएलबीसी बैठक का आयोजन

बरघाट विकासखण्ड में बीएलबीसी (ब्लॉक लेवल बैंकर्स कमेटी) की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में लीड बैंक अधिकारी प्रवीण कुमार दिसोरिया, एनआरएलएम से प्रबंधक राजेन्द्र शुक्ला, जनजातीय कार्य विभाग के यू.एस. चौधरी सहित सभी बैंकों के प्रबंधक उपस्थित रहे।

बैठक में विभागीय ऋण योजनाओं के लक्ष्य एवं प्राप्ति, सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के समयानुसार निराकरण, तथा कियोस्क के माध्यम से विशेष ग्रामों में कैंप आयोजन पर चर्चा की गई। साथ ही क्रद्धयद्ब्रष्ट, पीएमएसबीवाई, पीएमजेजेबीवाई जैसी जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार पर बल दिया गया।बैठक में विभाग एवं बैंक के संयोजन से नवाचार को बढ़ावा देने, तथा एनपीए खातों की वसूली हेतु विशेष शिविर आयोजित करने के निर्देश दिए गए।

# विधायक दिनेश राय मुनमुन ने काल भैरव अष्टमी में किया हवन पूजन



**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** बुधवार, दिनांक 12/11/2025 को सिवनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक दिनेश राय मुनमुन जी ने काल भैरव अष्टमी पर हवन पूजन किया। आज विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत सिवनी नगर के उपनगरीय क्षेत्र सोमवारी चौक भैरोगंज मे श्री काल भैरव मंदिर मे समिति द्वारा श्री काल भैरव अष्टमी के पावन उपलक्ष्य मे आयोजित हवन पूजन कार्यक्रम मे विधायक दिनेश राय मुनमुन जी ने पहुंचकर मंदिर मे भगवान श्री काल भैरव के दर्शन पूजन किया तथा हवन मे आहूति डालकर भगवान महाकाल और काल भैरव बाबा से सभी जनों पर कृपा बनाये रखने मंगल कामनाएं किया। इस दौरान श्री रविशंकर भांगरे जी पार्षद, श्री प्रमोद अहिरवार जी सहित समिति पदाधिकारियों द्वारा विधायक दिनेश राय मुनमुन का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर भक्तजनों की गरिमामय उपस्थिति रही।

## विभिन्न माँगों को लेकर कांग्रेसियों की गई गिरफ्तारी






# कांग्रेसियों को रोका पुलिस ने नहीं जाने दिया मुख्यमंत्री के कार्यक्रम स्थल तक

**इधर,पुलिस द्वारा किए गए हमले में कांग्रेस जिला अध्यक्ष नरेश मरावी एवं जिला एनएसयूआइ अध्यक्ष धनंजय सिंह चोटिल हुए**

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** प्रदेश के मुखिया का आगमन आज जिले में हुआ जहां पर कांग्रेस किसने की समस्या को लेकर प्रदेश के मुखिया से ज्ञापन के माध्यम से रूबरू होना चाह रही थी लेकिन कांग्रेस कार्यालय में ही कांग्रेसियों को रोक दिया गया उन्हें कार्यक्रम स्थल तक जाने नहीं दिया।

सिवनी में मुख्यमंत्री मोहन यादव को जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा प्रदेश के मुख्यमंत्री महोदय को ज्ञापन देने जा रहे थे परंतु पुलिस प्रशासन द्वारा जिला कांग्रेस के पदाधिकारियों को गिरफ्तार कर क्षेत्रीय माँगो को लेकर नहीं जाने दिया गया।

**मुख्य मांग-** 1. किसानो की धान खरीदी जल्द से जल्द शुरू की जाए, 2. मक्का खरीदी एमएसपी पर खरीदी जाए, 3. किसानो को समय पर खाद युरिया डीएपी ग्रोमोर, बीज दिया जाए किसी प्रकार की कमी न हो, 4. किसानो की बिजली कटौती ना हो ट्रांसफार्मर एव केवल खम्बो का काम जल्द हो

5. नल जल योजना का काम सुचारू रूप से चालू रहे विभिन्न माँगो को लेकर गिरफ्तारी की गई । जिसमे विधायक रजनीश हरवंश सिंह जिला अध्यक्ष नरेश मरावी प्रदेश सचिव राजा बघेल जिला पंचायत उपाध्यक्ष राकेश सनोडिया, जिला पंचायत सदस्य दुपेंद्र अमूले, नितिन डहेरिया, जिला कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष अतुल मालू जी, पूर्व जिला कार्यवाहक अध्यक्ष असलम ख़ान, विष्णु करोसिया , अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष राजा मुबींन ख़ान, जिला महामंत्री सुजीत नाहटा जी, शिव सनोडिया जी, युवक कांग्रेस के जिला अध्यक्ष आदित्य मोंटू भूरा एन एस यू आई के अध्यक्ष धनंजय सिंह, ऋषभ ठाकुर, राकेश बघेल, सहित पदाधिकारी गण शामिल हुए। पुलिस द्वारा किए गए हमला में जिसमे जिला अध्यक्ष नरेश मरावी जी एव जिला एनएसयूआई अध्यक्ष, धनंजय सिंह चोटिल हुए। जिसमे विधायक रजनीश हरवंश सिंह जिला अध्यक्ष नरेश मरावी ,पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष मोहन चंदेल , प्रदेश सचिव राजा बघेल जिला पंचायत उपाध्यक्ष राकेश सनोडिया , जिला पंचायत सदस्य दुपेंद्र अमूले, नितिन डहेरिया, जिला कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष अतुल मालू, पूर्व जिला कार्यवाहक अध्यक्ष असलम ख़ान, विष्णु करोसिया , अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष राजा मुबींन ख़ान, जिला महामंत्री सुत नाहटा , शिव सनोडिया , युवक कांग्रेस के जिला अध्यक्ष आदित्य मोंटू भूरा एन एस यू आई के अध्यक्ष धनंजय सिंह,ऋषभ ठाकुर, राकेश बघेल, सहित पदाधिकारी गण शामिल हुए। पुलिस द्वारा किए गए हमला में जिसमे कांग्रेस जिला अध्यक्ष नरेश मरावी एव जिला एनएसयूआइ अध्यक्ष धनंजय सिंह चोटिल हुए

# दिनदहाड़े बाघ की एंट्री! खेतों में मचा हड़कंप, नर्सरी में घंटों दहाड़ता रहा वनराज - ग्रामीणों में दहशत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

**सिवनी जिले की बरघाट तहसील के ग्राम गौड़ेगांव में आज उस समय अफरा-तफरी का माहौल बन गया, जब ग्रामीणों ने अचानक खेतों के बीच एक विशाल बाघ को घूमते हुए देखा। धान की कटाई में जुटे किसान जैसे ही वनराज का दर्शन हुआ, वे अपना काम छोड़कर घरों की ओर भाग खड़े हुए। देखते ही देखते यह खबर पूरे गांव में आग की तरह फैल गई और हजारों ग्रामीण शेर को देखने और भगाने के लिए खेतों की ओर उमड़ पड़े।**

लेकिन ग्रामीणों का शोर और आवाज़ें बढ़ते ही बाघ पास की नर्सरी की ओर भाग गया, जहां वह देर शाम तक दहाड़ता हुआ दिखाई दिया। ग्रामीणों और वन विभाग की टीमों ने बाघ को सुरक्षित पकडऩे के प्रयास किए, परंतु भीड़ के शोर और दहशत के चलते शेर नर्सरी से बाहर नहीं आया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, नर्सरी में छिपे बाघ ने कई बार बाहर निकलने की कोशिश की, लेकिन भीड़ और हल्ले के कारण वह अंदर ही घुसा रहा। शाम तक वन विभाग और स्थानीय लोग नर्सरी के पास डटे रहे। ग्रामीणों के चेहरे पर डर साफ देखा जा सकता था। केवल गौड़ेगांव ही नहीं, बल्कि शैला, मोहगांव और घुरवाड़ा जैसे आसपास के गांवों में भी डर का माहौल बन गया। खेतों में तुअर व अन्य फसलें लगी होने के कारण



बाघ खेतों में आसानी से छिप सकता है, जिसकी वजह से किसान अब खेतों में जाने से भी डर रहे हैं।धान कटाई का समय है, हर कोई खेतों में है, लेकिन अब लोग जाने से डर रहे हैं, एक किसान ने बताया।ग्रामवासियों का कहना है कि जैसे ही शेर की दहाड़ सुनाई देती, लोग भागते दिखाई देते। कई लोग हाथों में डंडे लेकर बाघ को भगाने की कोशिश करते दिखे। विशेषज्ञों के अनुसार, इस तरह भीड़ का जमा होना खतरे को और बढ़ाता है और वन्यजीव को उकसाता है। वन विभाग द्वारा लगातार लोगों को समझाया गया कि वे बाघ से दूरी बनाकर रखें और अनावश्यक रूप से नजदीक न जाएं।वन विभाग के अधिकारियों ने ग्रामीणों से अनुरोध किया है कि वे शांत रहें, भीड़ न बनाएं और बाघ को पकडऩे की प्रक्रिया में सहयोग करें। टीमों द्वारा शेर की मूवमेंट पर कड़ी नजर रखी जा रही है।गांव में आज का दिन डर के साथ-साथ रोमांच से भी भरा रहा। कई लोगों ने बाघ को करीब से देखा, जबकि कई ने उसकी दहाड़ सुनकर दूर ही से रास्ता बदल लिया।

# जिला एवं उप जेल में विधिक जागरूकता एवं स्वास्थ्य शिविर आयोजित

**सिवनी।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार 09 से 14 नवम्बर 2025 तक चल रहे न्यायोत्सव कार्यक्रम की श्रृंखला में आज सोमवार को जिला जेल सिवनी एवं उपजेल लखनादौन में बंदियों के लिए विशेष स्वास्थ्य परीक्षण शिविर एवं विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम का आयोजन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश / अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिवनी श्री सतीश चन्द्र राय के मार्गदर्शन में किया गया। जिला जेल सिवनी में आयोजित स्वास्थ्य शिविर में सिविल सर्जन-सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक सिवनी द्वारा चिकित्सकों एवं पैरामेडिकल स्टाफ की टीम गठित की गई, जिन्होंने बंदियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। इस अवसर पर न्यायाधीश/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिवनी रवि नायक ने बंदियों को उनके विधिक अधिकारों, निःशुल्क विधिक सहायता, एल.ए.डी.सी.एस., प्ली बार्गेनिंग, अपील एवं जमानत संबंधी प्रावधानों की जानकारी दी। कार्यक्रम में जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री सिद्धार्थ शुक्ला, जेल अधीक्षक श्री अजय वर्मा, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं जिला जेल सिवनी का स्टाफ उपस्थित रहा। इसी प्रकार तहसील विधिक सेवा समिति लखनादौन द्वारा भी न्यायोत्सव के अंतर्गत उपजेल लखनादौन में बंदियों हेतु विधिक साक्षरता शिविर एवं विशेष स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया।

**लाड़ली लक्ष्मी योजना का लाभ दिलाये जाने की मांग**

# प्रत्येक प्रकरण का समाधान समय-सीमा में सुनिश्चित हो-कलेक्टर

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** प्रत्येक मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित होने वाली जिलास्तरीय जनसुनवाई अपर कलेक्टर श्री सी एल चनाप की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।

आयोजित जनसुनवाई में अपर कलेक्टर सुश्री सुनीता खण्डायत एवं सहित अन्य विभागों के कार्यालय प्रमुख उपस्थित रहे। इसी तरह सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं अन्य विकासखंड स्तरीय अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जनसुनवाई से जुड़े। अपर कलेक्टर सी एल चनाप द्वारा आमजन से प्राप्त विभिन्न शिकायतों एवं आवेदनों की गंभीरता से सुनवाई की गई तथा संबंधित अधिकारियों को त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण के निर्देश दिए गए। अपर कलेक्टर सी एल चनाप ने कहा कि प्रत्येक प्रकरण का समाधान समय-सीमा में सुनिश्चित किया जाए ताकि आम नागरिकों को शीघ्र राहत मिल सके।

जिलास्तरीय जनसुनवाई में तहसील घंसौर अंतर्गत ग्राम बरेला निवासी नोखेलाल चक्रवर्ती द्वारा पीएम विश्वकर्मा योजना अंतर्गत ऋण प्रदाय किये जाने विषयक, तहसील छपारा अंतर्गत भगतसिंह वार्ड निवासी मो.इमरान शाह द्वारा पट्टा प्रदाय किये जाने विषयक, शहीद वार्ड सिवनी निवासी प्रियमेध शुक्ला द्वारा मानसिक विकलांग पेंशन चालू कराये जाने विषयक, कबीर वार्ड डूंडासिवनी निवासी शिवकुमारी प्रजापति द्वारा शासकीय पक्की नाली निर्माण कार्य कराये जाने विषयक, तहसील धनौरा अंतर्गत ग्राम नोनिया निवासी मुन्ना अहिरवार द्वारा शासकीय काबिज कास्तकारी भूमि का पट्टा दिलाये जाने विषयक, ग्राम डोरली छतरपुर निवासी रूपलाल विश्वकर्मा एवं अन्य द्वारा पीने के पानी की विधिवत सप्लाई कराये जाने विषयक, सूफीनगर सिवनी निवासी श्रीमती शमशाद बेगम द्वारा संबल योजना अंतर्गत लाभ दिलाये जाने विषयक, मरझोर रोड सिवनी निवासी सुशील सनोडिया द्वारा घरेलू विद्युत कनेक्शन प्रदान किये जाने विषयक, ग्राम डुंगरिया बादलपार निवासी मनोज वर्मा द्वारा लाडली लक्ष्मी योजना का लाभ दिलाये जाने विषयक, तहसील कुरई अंतर्गत ग्राम डुंगरिया निवासी जय नारायण वर्मा द्वारा राशन कार्ड से राशन दिलाये जाने विषयक, तहसील बरघाट अंतर्गत वार्ड नंबर 10 निवासी प्रदीप कुमार भालेकर द्वारा पिता की मृत्यु उपरांत पेंशन राशि दिलाये जाने विषयक, सिवनी निवासी सालिकराम ब्रम्हे द्वारा अवैध अतिक्रमण हटाये जाने विषयक, ग्राम बम्हनवाडा सिवनी निवासी सेवकराम शिववेदी द्वारा भूमि का सीमांकन कराये जाने विषयक, ग्राम जैतपुरकला थाना लखनावाडा निवासी मोतीराम बघेल द्वारा पेंशन एवं खाद्य सामग्री दिलाये जाने विषयक, गौशाला बंजारी डूंडासिवनी निवासी सईदा बी द्वारा विकलांगता पेंशन एवं वृद्धापेंशन का लाभ दिलाये जाने विषयक, घंसौर निवासी गंगा यादव द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाये जाने विषयक, तहसील लखनादौन अंतर्गत ग्राम मढी आदेगांव निवासी कीर्ती नागेश द्वारा कपिल धारा कूप निर्माण कार्य कराये जाने विषयक, सहित कुल 117 आवेदन प्राप्त हुए। प्राप्त आवेदनों पर नियमानुसार कार्यवाही कर शीघ्र निराकरण करने के निर्देश कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने संबंधित विभागाधिकारियों को दिए।

# जिले में एस.आई.एस. सिंगरौली द्वारा सुरक्षा कर्मियों के लिए पंजीयन 25 नवम्बर तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

एस.आई.एस. (सिक्युरिटी एण्ड इंटेलीजेन्स सर्विसेस) इंडिया लिमिटेड द्वारा सुरक्षा कार्यों में रुचि रखने वाले अभ्यर्थियों के पंजीयन एवं प्रशिक्षण उपरांत स्थायी रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिले में पंजीयन शिविर आयोजित किए जाएंगेकमाण्डेंट, एस.आई.एस. प्रशिक्षण केन्द्र सिंगरौली द्वारा शिविर आयोजन हेतु अनुमति मांगे जाने पर पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता द्वारा जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में शिविर आयोजन की अनुमति प्रदान की गई है। जिसमें 20 नवम्बर को थाना सिवनी, 21 नवम्बर को थाना लखनवाडा में, 22 नवम्बर को थाना डूंडासिवनी में, 23 नवम्बर को थाना बंडोल में, 24 नवम्बर को थाना बरघाट में, 25 नवम्बर को थाना कुरई, 10 नवम्बर को थाना अरी, 11 नवम्बर को थाना लखनादौन, 12 नवम्बर को थाना छपारा, 13 नवम्बर को थाना आदेगांव में, 14 नवम्बर को थाना धूमा में, 15 नवम्बर को थाना घंसौर में, 16 नवम्बर को थाना किंदरई में, 17 नवम्बर को थाना धनौरा में, 18 नवम्बर को थाना केवलारी तथा 19 नवम्बर 2025 को थाना कान्हीवाड़ा में शिविर आयोजित किए जाएंगे।

इन शिविरों में इच्छुक उम्मीदवार अपना पंजीयन कराकर प्रशिक्षण उपरांत रोजगार के अवसर प्राप्त कर सकेंगे। संबंधित थाना एवं चौकी प्रभारी को शिविर अवधि में सुरक्षा व्यवस्था एवं आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। पंजीयन के लिए 9131557489, 9671871921, संबंधित संस्था प्रभारी से संपर्क कर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

खबर संक्षेप

## शासकीय आदिवासी सीनियर बालक छात्रावास उकवा में जनजाति गौरव रथ का किया गया स्वागत



**हरिभूमि न्यूज उकवा।** भगवान बिरसा मुंडा की 150 जयंती को जनजातीय गौरव वर्ष पखवाड़ा 1नवंबर से 15 नवंबर 2025 तक मनाया जा रहा है ।इस कड़ी में आज कलेक्टर श्री मृणाल मीना, मध्यप्रदेश पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग की सदस्य श्रीमती मौसम बिसेन ने कलेक्टर कार्यालय परिसर से जनजातीय गौरव दिवस यात्रा रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गयाजनजाति कार्य विभाग सहायक आयुक्त श्रीमती शकुंतला डामोर उपस्थिति रही वही रथ बालाघाट से निकल कर रेंज ऑफिस उकवा मे पहुंचा जहाँ भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर मालाअर्पण कर शासकीय आदिवासी सीनियर बालक छात्रावास उकवा मे रथ पहुंचा जहां पर प्रतिमा की पूजा अर्चना की गई तथा उनका प्रतिनिधियों द्वारा गौरव गान किया गया एवं उनके जीवन पर ऐतिहासिक प्रकाश डाला गया जिसमें उपस्थित पूर्व विधायक भगत सिह नेताम जनपद अध्यक्ष परसवाड़ा समलसिंह धुर्वे,नगरपालिका अध्यक्ष मलाजखंड मानसिंह मेरावी,सभापति वन समिति मोहबलसिंह उइके, प्राचार्य राजेंद्र भटेरे सर्व धर्म सेवा समिति अध्यक्ष जेम्स बारिक, उपाध्यक्ष संतोष सोनी,मंडल अध्यक्ष उकवा विजय पटले,मंडल अध्यक्ष मलाजखंड सुनील राहंगडाले,महामंत्री विजय वल्के,पार्षद राजेन्द्र राहंगडाले,पूर्व मंडल अध्यक्ष मुरली नर्सवानी,महामंत्री तपेश घुले,सरपंच उकवा,सरपंच गुदमा,शौरभ शर्मा,कांती चौहान, समाज सेवी संदीप गजभिये,राजकुमार गौतम,सहित सम्मानीय जन तथा छात्रावास अधीक्षक राम लाल पटले, शिवनद मेरावी एवं समस्त स्टाफ सभी बच्चे उपस्थित रहे । रथयात्रा का समापन 15 नवंबर को गैरीसन ग्राउंड जबलपुर में माननीय मुख्यमंत्री जी की उपस्थिति में समारोह पूर्वक समपन्न होगा ॥

# रेंगाटोला रेत विवाद को लेकर बवाल

पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर निष्पक्ष जांच की मांग





### ग्रामीणों का आरोप पुलिस ने रेत विवाद मामले में की एकतरफा कार्रवाई ग्रामीणो की शिकायत पर नही है कोई ध्यान

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट** । रेंगाटोला में 7 नवंबर की रात रेत को लेकर हुए विवाद के मामले में ग्रामीणों ने बुधवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर निष्पक्ष जांच की मांग की। इस विवाद में कंपनी एजेंट नरेंद्र राजपूत अभी भी गोंदिया के एक निजी अस्पताल में घायल अवस्था में भर्ती हैं। क्षेत्रीय युवा नेता मनोज टेंभरे के साथ एसपी कार्यालय पहुंचे ग्रामीणों ने बताया कि रेत ठेकेदार के लगभग 40 से 50 लोग चार फोर-व्हीलर और आठ से दस मोटरसाइकिलों पर आए थे। ये लोग शराब के नशे में थे और उनके पास धारदार हथियार थे। ग्रामीणों का आरोप है कि इन लोगों ने मेला समिति की बैठक से लौट रहे ग्रामीणों के साथ गाली-गलौज करते हुए हमला किया, जिसमें कई ग्रामीण घायल हुए।

मनोज टेंभरे ने बताया कि घटना के दौरान गांव के लोग डरे हुए थे और उन्होंने 112 पर कॉल कर शिकायत की थी। पुलिस की गाड़ी गांव पहुंची भी थी, लेकिन जिन ग्रामीणों के साथ मारपीट हुई, जब वे वारासिवनी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराने पहुंचे तो उनकी शिकायत नहीं ली गई। ग्रामीणों का आरोप है कि पुलिस ने इस मामले में एकतरफा कार्रवाई की है और उनकी शिकायत पर कोई ध्यान नहीं दिया गया। उल्लेखनीय है कि 7 नवंबर की रात करीब 11 बजे वारासिवनी थाना क्षेत्र के रेंगाटोला चौक पर हुए इस विवाद में घायल नरेंद्र राजपूत की हालत अभी भी नाजुक बनी हुई है। वारासिवनी पुलिस ने 24 घंटे के भीतर इस मामले में एफआईआर दर्ज की है। पुलिस ने शुभम बिसेन, शुभम टेंभरे, कुलदीप शरणागत, शरद बिसेन सहित लगभग आठ अज्ञात लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है।

# खनिज विभाग की अवैध उत्खनन पर छापामार कार्यवाही



### 01 हाईवा, 01 जेसीबी समेत 08 ट्रेक्टर किये जब्त

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** कलेक्टर श्री मृणाल मीना के निर्देशन में तथा उपसंचालक खनिज सुश्री फरहत जहां के मार्गदर्शन में खनिज विभाग द्वारा जिले में अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण पर रोकथाम के लिए सख्ती से कार्यवाही की जा रही है। इसी के अंतर्गत खनिज अमले द्वारा 04 नवम्बर से 12 नवम्बर तक अवैध उत्खनन करने पर 07 प्रकरणों में कुल 10 वाहनों पर जब्ती कार्यवाही की गई है। उप संचालक खनिज सुश्री फरहत जहां ने बताया कि अवैध उत्खनन करने वाले लोगो के विरूद्ध विभाग द्वारा सक्रियता के साथ कार्यवाही सुनिश्चित की जा रही है। 12 नवम्बर तक विभाग द्वारा जिले में खनिज का अवैध उत्खनन, परिवहन तथा भंडारण करने वाले कुल 10 वाहनों पर जब्ती की कार्यवाही की गई है। इसमें किरनापुर के ग्राम खोडसिवनी से 02 ट्रेक्टर एमपी-50-ए-5128 तथा एमपी-50-एए-0573, बालाघाट के ग्राम गायखुरी से 02



ट्रेक्टर एमपी-50-एए-5226 एवं एमपी-50-एए-2129, वारासिवनी के ग्राम अमई से 04 ट्रेक्टर एमएच-40-एल-7408, एमएच-35-एजे-7399, एमपी-21-जेडए-9226, बीजेवायएसडी2739451 तथा 01 जेसीबी एमपी-22-जेडजी-2366 तथा बिरसा अंतर्गत ग्राम भिमजोरी से 01 हाईवा एमपी-22-जेडजी-2232 वाहन शामिल है। उप संचालक खनिज सुश्री फरहत जहां ने बताया कि ग्राम गायखुरी के करीब वैनगगा नदी में रेत के अवैध खनन की लगातार शिकायत प्राप्त होने पर 12 नवम्बर को खनिज विभाग की टीम द्वारा तुरंत मौके पर पहुंचकर अवैध खनन पर अंकुश लगाया गया। उन्होंने बताया कि नदी जाने वाले रास्ते में जेसीबी मशीन से गड्ढा कराया जा रहा था जिससे ट्रेक्टर ट्रॉली में रेत का परिवहन किया जा सके।

## जनजातीय गौरव रथ यात्रा का सांदीपनि विद्यालय मलाजखंड में हुआ स्वागत

रथ का अगला पड़ाव बिरसा की ओर

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती वर्ष के समापन के उपलक्ष्य में जिला प्रशासन जनजातीय कार्य विभाग बालाघाट के निर्देशन में प्रारंभ की गई ₹जनजातीय गौरव दिवस रथ यात्रा₹ 12 नवम्बर को सांदीपनि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मलांजखण्ड पहुँची। यहां पर विद्यालय परिवार द्वारा रथ यात्रा का हर्षोल्लास के साथ स्वागत किया गया। प्रभारी प्राचार्य श्री यशवंत पटले द्वारा भगवान बिरसा मुंडा के रूप में वेशभूषा धारण किए बच्चों को पुष्पमाला पहनाकर एवं तिलक लगाकर सम्मानित किया गया। इसमें बिरसा मुंडा रथ यात्रा कार्यक्रम प्रभारी श्री गौरव विशाल मानेश्वर प्राथमिक शिक्षक द्वारा अपना पूरा सहयोग प्रदान किया गया। विद्यालय परिवार एवं छात्र-छात्राओं ने तालियों की गड़गड़ाहट से रथ यात्रा का अभिनंदन किया एवं विद्यालय की छात्राओं द्वारा पारंपरिक लोक नृत्य की सुंदर प्रस्तुति दी गई। जिसने कार्यक्रम को सांस्कृतिक रंगों से सराबोर कर दिया। इस अवसर पर श्री भगत सिंह नेताम पूर्व विधायक बैहर उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को भगवान बिरसा मुंडा के जीवन संघर्ष एवं योगदान पर प्रेरणादायक संबोधन दिया। इस दौरान श्री मानसिंह मेरावी अध्यक्ष नगर पालिका परिषद मलांजखण्ड, श्री मधू सेन्द्रे पार्षद वार्ड क्रं. 12, श्री विजय वल्के पार्षद एवं अनेक गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही। रथ यात्रा ने दोपहर 01 बजे विद्यालय से अगले पड़ाव ग्राम बिरसा की ओर प्रस्थान किया।





# हाईस्कूल कनिया में 44 बच्चों को किया गया साइकिल वितरण

### मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे जनपद उपाध्यक्ष हेमंत साहू

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** विकासखंड बिरसा के अंतर्गत एकीकृत शासकीय हाईस्कूल कनिया में आज छात्र/छात्राओं को साइकिल वितरित किया गया।इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जनपद पंचायत बिरसा के उपाध्यक्ष और शिक्षा समिति के सभापति हेमंत साहू उपस्थित रहे।कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य सुखचंद यादव ने की।कार्यक्रम की शुरुआत पूजा अर्चना के बाद अतिथियों और पालकों के स्वागत से हुई।कार्यक्रम के दौरान कक्षा 9वीं की छात्राओं को शासन की साइकिल योजना के अंतर्गत निःशुल्क साइकिलें वितरित की गईं।मुख्य अतिथि हेमंत साहू ने कहा कि साइकिल से छात्राओं को विद्यालय आने-जाने में सुविधा होगी और उनकी शिक्षा में निरंतरता बनी रहेगी।उन्होंने सभी बच्चों को लगातार स्कूल आने के फायदे भी बताए।उनके द्वारा शिक्षा पर



विशेष जोर देते हुए सभी विषयों के अध्ययन करने के तरीकों के बारे में विस्तृत चर्चा की गई।कक्षा 9वीं और 10वीं के बच्चों से अर्धवार्षिक परीक्षा के बारे में पूछा गया साथ ही आगामी वार्षिक परीक्षा की तैयारी और लक्ष्य के बारे में भी बात की गई।हेमंत साहू के द्वारा कक्षा 10वीं में स्कूल से मप्र प्रावीण्य सूची में स्थान बनाने वाले छात्र/छात्राओं को प्रोत्साहन राशि 10हजार रु देने की बात कही गई।इसके अतिरिक्त कक्षा 5वीं में स्कूल से नवोदय परीक्षा में चयनित होने पर बच्चों को 5हजार रु प्रोत्साहन राशि देने की भी बात कहे।आज कुल 44 छात्र/छात्राओं को साइकिल वितरित की गई।बच्चों में साइकिल मिलने की खुशी देखते ही बन रही थी।बच्चों ने खुशी दर्शाते हुए कहे कि वे अब समय पर स्कूल पहुंच सकेंगे और पढ़ाई पर पूरा ध्यान देंगे।आज साइकिल वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि हेमंत साहू उपाध्यक्ष जनपद पंचायत बिरसा के साथ अभिभावकों में गौतम वर्मा,रामकुमार परघनिया,ओमप्रकाश यादव,परनलाल पांचे,हुकूमचंद सादेश्वर,धीरज धुर्वे,छोटेलाल,दुखराम दांन्द्रे,तुलसीराम तिल्लासी,सुरेन्द्र सोनेकर और अन्य अभिभावक इसके अतिरिक्त स्कूल से प्राचार्य सुखचंद यादव,सूरतसिंह मेरावी,शिवनारायण पंद्रे,डोंगलेश्वरी वर्मा,वीणा घोमड़े,नरेश बघेल, भरोसलाल,मिलन,अंकिता,रीमा यादव सहित समस्त स्टॉफ की उपस्थिति रही।मंच का संचालन शिक्षक हुलेश लिल्हारे के द्वारा किया गया।

# रानी दुर्गावती, टंट्या भील, रघुनाथ शाह, शंकर शाह कुँवर शाह ने दिया आजादी के लिए बलिदान

**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** जनजाति गौरव पखवाड़ा के अंतर्गत जवाहर नवोदय विद्यालय वारासिवनी में एक गरिमामयी संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें आदिम समुदाय के प्रख्यात सामाजिक कर्मयोगी भुवन सिंह कोर्राम और सेवानिवृत शिक्षक भरत लाल मंडावी ने अपने सारगर्भित विचार साझा किए।

इस अवसर पर जनजाति स्वतंत्रता सेनानियों के अद्वितीय बलिदान और उनके अमूल्य योगदान का सम्मान करने के लिए एक विशेष चर्चा आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के स्वागत और अभिनंदन के साथ हुआ। विद्यालय प्राचार्य रणवीर सिंह ने अपने उद्बोधन में जनजाति जननायकों की कुर्बानी और समर्पण की भावना से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। समारोह में आमंत्रित अतिथि भुवन सिंह कोर्राम ने आदिम समुदाय की महत्वपूर्ण भूमिका और जननायकों के जीवन पर प्रकाश डालते हुए रानी दुर्गावती, टंट्या भील, रघुनाथ शाह, शंकर शाह कुंवर सिंह जैसे महान व्यक्तित्वों के जीवन और योगदान पर विस्तार से चर्चा की। छात्राओं ने छत्तीसगढ़ी पंथी नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी अतिथि भरत लाल मंडावी ने शिक्षा की महत्ता पर बल देते हुए सभी को शिक्षित बनाने में सहयोग देने का संदेश दिया और पर्यावरण संरक्षण के लिए पेड़ लगाने की अपील की। कक्षा 8 वीं की छात्राओं ने छत्तीसगढ़ी पंथी नृत्य की आकर्षक प्रस्तुति देकर सबका मन मोह लिया। इस नृत्य को विद्यालय के संगीत शिक्षक उमेश नगपुरे एवं नृत्य प्रशिक्षक नूपुर द्वारा तैयार कराया गया था। यह नृत्य सतनाम सतनामी समुदाय की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक धरोहर को प्रदर्शित करता था। कार्यक्रम का समापन अतिथियों के सम्मान और आभार प्रदर्शन विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक भोजराम पटेल द्वारा किया गया। इस आयोजन के माध्यम से जनजाति समुदाय के बलिदान और भारत के स्वतंत्रता संग्राम में उनके महत्वपूर्ण योगदान को स्मरण किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त विद्यार्थियों के साथ साथ शिक्षक और विभागीय कर्मचारी शामिल हुए कार्यक्रम का संचालन शिक्षक रवि आर्मो ने किया।



# वन विभाग की मिलीभगत से बेशकीमती पेड़ों की चढ़ाई जा रही बलि...

सीतेपाला से बोदादलखा मार्ग निर्माण में बरती जा रही भारी अनियमितता

### प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत किया जा रहा है रोड का निर्माण

**लांजी।** जनपद क्षेत्र लांजी के वनांचल ग्रामों को एक दूसरे से जोडऩे एवं ग्रामीणो को सुगम आवागमन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शासन द्वारा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत पक्की सड़क का निर्माण कराया जा रहा है। परंतु इन मार्गों के निर्माण कार्य में कंस्ट्रक्शन कंपनी और वनविभाग की मिलीभगत से जमकर भ्रष्टाचार किया जा रहा है और बेशकीमती पेड़ों की बलि चढ़ाई जा रही है। इन सब की जानकारी होने के बावजूद वनविभाग द्वारा इस ओर कोई ध्यान न देते हुए कंस्ट्रक्शन कंपनी के ठेकेदार को खुली छूट दे रखी है जिसका फायदा उठाते हुए कर्मचारियों द्वारा सागौन और अन्य बेशकीमती पेड़ों को जेसीबी से जड़ से उखाड़ कर फेंका जा रहा है और तो और इस मार्ग पर वनविभाग के आधा दर्जन से अधिक मुनारों को भी कर्मचारियों द्वारा क्षतिग्रस्त करते हुए उखाड़ दिया गया है। उल्लेखनीय है की अतिनक्सल प्रभावित ग्राम सीतेपाला से बोदादलखा पहुंच मार्ग का निर्माण वर्ष 2023 से प्रारंभ किया गया था जो मार्च 2025 में पूर्ण हो जाना चाहिए था परंतु उक्त मार्ग के निर्माण में वनविभाग एवं कंस्ट्रक्शन कंपनी द्वारा अब तक शुरूआती दौर का ही कार्य प्रारंभ है जिससे इस मार्ग में फिलहाल आवागमन तो दूर की बात है पैदल चलना भी किसी बुरे सपने से कम नहीं है।



### रोड निर्माण के लिये काट दिये हरे भरे पेड़

सीतेपाला से बोदादलखा और धीरी मुरूम तक प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत सड़क बनाई जा रही है। सड़क बनाने के लिए निर्माण एजेंसी ने सड़क किनारे लगे सैकड़ों हरे भरे पेड़ों को काट दिया। इससे पर्यावरण को भारी नुकसान होगा। वहीं सड़क से गुजरने वाले लोगों को तेज धूप में परेशानी का सामना करना पड़ेगा। लोगों का कहना है कि निर्माण एजेंसियों द्वारा सड़कों के चौड़ी करण को लेकर जहां सड़क किनारे लगे सैकड़ों हरे भरे विशाल पेड़ों को काट दिया जाता है लेकिन सड़क बनने के बाद दोबारा से सड़क किनारे पेड़ों को नहीं लगाया जाता है। इससे जहां पर्यावरण को भारी नुकसान हो रहा है। वहीं गर्मी, सर्दी और बारिश के समय सड़कों से गुजरने वाले लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। क्षेत्र में एमपीआरडीसी, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजनाए पीडब्ल्यूडी आदि ने सड़कों के चौड़ी करण को लेकर कई पेड़ों को काट दिया लेकिन सड़क बनने के बाद निर्माण एजेंसी ने उनके स्थान पर दोबारा से पौधरोपण नहीं कराया। इससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ेगा।

### वनविभाग की मौन स्वीकृति से ठेकेदार के हौसले बुलंद....

उक्त रोड निर्माण में लांजी वनविभाग द्वारा कंस्ट्रक्शन कंपनी के ठकेदार को अपनी ओर से पूरी तरह मौन स्वीकृति प्रदान दी जा चुकी है। रोड निर्माण में कार्यरत मजदूरों और कर्मचारियों से जब इस संबंध में चर्चा की गई तो उनका कहना था की इतने घने जंगल के बीच में सड़क निर्माण हो रहा है यही बड़ी बात है। यहां अधिकारी तो दूर की बात है वनविभाग के बीट गार्ड भी नहीं पहुंचते तो कैसी जांच और कैसा निरीक्षण। हम अपनी मर्जी से कार्य कर रहे है, गांव से गांव को जोडऩे के लिये रोड निर्माण हो रहा है कोई मोहल्ले पड़ोस की सड़क नहीं बन रही है जो पेड़ नहीं कटेंगे। कर्मचारियों ने यह भी बताया की उक्त मार्ग निर्माण की हद दोनो ही परिक्षेत्रों पूर्व और पश्चिम के अंतर्गत आती है परंतु दोनो ही परिक्षेत्र के किसी भी कर्मचारी ने आज तक हमे अपने कार्य से नहीं रोका तो तुम पूछने वाले होते कौन हो ? जिससे साफ जाहिर होता है की वनविभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को चित्रकूट कंस्ट्रक्शन कंपनी को खुली छूट दे रखी है।